सार-समाचार

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और श्रावण उत्सव का आयोजन

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशानुसार हरियाली अमावस्या के अवसर पर वन स्टॉप सेन्टर (सखी केन्द्र) पर बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजनान्तर्गत श्रावण उत्सव एवं पौधारोपण कर "एक पेड मां के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजेन्द्र कुमार चौधरी उपनिदेशक महिला अधिकारिता सीकर ने बताया कि बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजनान्तर्गत सखी केन्द्र पर सखी पार्क का विभाग द्वारा विकास किया जा रहा है। जिसमें समस्त उपस्थित अधिकारी,कर्मचारीयों द्वारा कुल 51 छायादार, फलदार एवं सजावटी पौधे वन स्टॉप सेन्टर पर तैयार कर सखी पार्क में लगाये गये, साथ ही हरियाली अमावस्या के अवसर पर श्रावण महोत्सव आयोजन के दौरान उपस्थित समस्त महिलाओं ने सखी पार्क में लगाये गये झुले का आनंन्द लिया। इस अवसर पर शालीनी गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर, इन्द्रा शर्मा सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग, विकास सिहाग महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सीकर, अभिलासा रणवां, अजीतपाल सिंह डीएसपी एससी एसटी सेल तथा अंकुर बहड अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तथा विभाग के समस्त कर्मचारी,पर्यवेक्षक, सखी केन्द्र एवं पीएसएसके की टीम उपस्थित रही।

न्यायिक कर्मचारियों का धरना जारी

बीदासर (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की और से प्रेषित प्रस्ताव के बावजूद राज्य सरकार ने गत दो वर्षों से पुनर्गठन कोई आदेश पारित नहीं करने के विरोध में न्यायिक कर्मचारियों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान सिविल न्यायालय के कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश पर रहकर कार्य नहीं किया। न्यायिक कर्मचारियों ने बताया कि जब तक सरकार पुनर्गठन आदेश लागू नहीं करती तब तक उनका अनिश्चितकालीन अवकाश एवं धरना जारी रहेगा। वहीं गुरुवार को न्यायिक कर्मचारियों के धरने को बीदासर अभिभाषक संघ ने समर्थन दिया। संघ के अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश के समर्थन में बीदासर अभिभाषक संघ की तरफ से स्वैच्छिक कार्य स्थगन का निर्णय लिया गया है। इसके चलते न्यायालय में सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से स्वैच्छिक रूप से मुक्त रहेंगे। वहीं धरने पर बार संघ के संरक्षक दीनदयाल प्रजापत, पूर्व अध्यक्ष रघुवीर भामूं, एडवोकेट महेश छापोला, आमीन शेख, सज्जन चोटियां, परमानंद बिजारणियां, लालचंद जाट, अख्तर सोलंकी, तिलोक पिलानियां, ईरफान सोलंकी, गोविंद मेघवाल, वसीम कानूनीया, रजतराज शर्मा, न्यायिक कर्मचारी सुभाष, रणवीर सिंह आदि मौजूद थे।

रासलीला का शुभारंभ

बीदासर (निसं)। कस्बे के उतरादा बास स्थित बाबा भोलेनाथ बगीची में सावन के पवित्र माह में चल रहे धार्मिक आयोजन के तहत गुरूवार को कृष्ण भक्ति से औत प्रौत रासलीला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रासलीला का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मेघराज सांखला, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव व औम प्रकाश सोनी ने भगवान श्री कृष्ण राधा की दीप से आरती उतार कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया। रासलीला में वृंद्धावन के पंडित लक्ष्मण शर्मा की मंडली के कलाकारों ने प्रथम दिन कृष्ण जन्म लीला का मंचन किया। लीला को देखने के लिये श्रृद्धालुओ की भीड उमड पडी। लीला के शुभारंभ पर बगीची के संत परमेश्वरी बाई, संत राधाकृष्ण प्रजापत, बलदेव सिंह सांखला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। रासलीला का मंचन दोपहर 1 बजे से सांय 4 बजे व रात्रि में 7.30 बजे से 10 बजे तक 30 जुलाई तक किया जाएगा।

जिला कारागृह में बंदियों की स्क्रिनिंग की

सीकर (निसं)। प्रदेश में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरूवार को सीकर जिला मुख्यालय पर स्थित कारागृह में बंदियों की स्क्रीनिंग की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल जाट के निर्देशन में शिवसिंहपुरा स्थित जिला कारागृह में टीबी क्लिनिक श्री कल्याण अस्पताल के डॉ सुरेश लाम्बा द्वारा 271 बंदियों की क्षय रोग की स्क्रिनिंग की गई, जिसमें की टीबी के संभावित 40 बंदियों के स्पूटम के सैंपल नाट परीक्षण व निश्चय में एनरोलमेंट के लिए लिए गए। चिकित्सा अधिकारी डॉ विकाश बाजिया, जैल अधीक्षक इंद्र कुमार यादव, उपाधीक्षक रामकिशन मीणा, कारागृहपाल कुलदीप सिंह डोटासरा, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन सोमदत्त स्वामी, नर्सिंग अधिकारी सरोज, लोकेश सूंडा उपस्थित रहे। इस दौरान जिला टीबी क्लिनिक श्री कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अश्विनी पारीक ने बंदियों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी।

वृक्षारोपण का आयोजन

सीकर (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर डॉ सुनीता पाण्डेय ने बताया कि राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में हरियालों राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इमली, शीशम, करंज, जामुन, पीपल व बकाण के पेड़ लगाये गये। प्राचार्य डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि वृक्ष ही जीवन का आधार है और सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए एवं इनकी उचित प्रकार से देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी डॉ. विपिन कुमार बगडिया, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के प्रभारी मधुसूदन जांगिड तथा माधुरी कुमावत तथा अन्य समस्त संकाय सदस्य एवं कैडेट्स तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

हरियाली अमावस्या पर 500 पौधे लगाये

सीकर (निसं)। यूआईटी सचिव जगदीश प्रसाद गौड ने बताया कि हरियालों राजस्थान मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत नगर विकास न्यास सीकर द्वारा गुरूवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय संतोषपुरा सीकर में 500 पौधे लगाये गये। इस दौरान मौके पर ही लगाये गये समस्त पौधे की जियोटेगिंग की गई। इन पौधो का रख-रखाव विद्यालय प्रशासन द्वारा स्वयं के स्तर पर किया जायेगा। कार्यक्रम दौरान न्यास सचिव जगदीश प्रसाद गौड, अधिशाषी अभियंता रघुनाथ प्रसाद सैनी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम खारिया, प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश, विद्यालय स्टॉफ एवं न्यास अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

पवन को खेलकूद व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया

रतनगढ़, (निसं)। चूरू जिला स्वामी समाज विकास समिति की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समिति संरक्षक माणकचंद स्वामी, अध्यक्ष घडसीराम, कोषाध्यक्ष पवन कुमार स्वामी, व महामंत्री भंवरलाल स्वामी ने रतनगढ शहर के पवन स्वामी पुत्र मदन स्वामी ने शिक्षा व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पवन स्वामी ने दसवीं बोर्ड में 86 प्रतिशत अंक अर्जित करने व खेलकूद टेबल टेनिस में जिले में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रतनगढ आगमन पर रतनगढ के स्वामी समाज द्वारा पवन का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को

सीकर (निसं)। कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई 2025 शहीद स्मारक सीकर कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि "हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस शहीद स्मारक सीकर पर प्रात: 9 बजे मनाया जायेगा जिसमें जिले के पूर्व सैनिक, वीरांगनायें व एनसीसी कैडैट्स द्वारा भाग लिया जायेगा। कर्नल महला ने बताया कि विजय दिवस अवसर पर इच्छुक पूर्व सैनिक निर्धारित समय व स्थान पर पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

राज्य मंत्री आज खाटूश्यामजी आएंगे

सीकर (निसं)। ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर 25 जुलाई 2025 (शुक्रवार) को खाटूश्यामजी आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्यमंत्री नागर सालासर से प्रात:11 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे खाटूश्यामजी सीकर पहुंचेंगे तथा खाटूश्यामजी मंदिर में पूजा दर्शन करेंगे।

प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में बैठक कल

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार ने बताया कि 26 जुलाई 2025 को दोपहर 12.30 बजे जिला प्रभारी सचिव आरती डोगरा की अध्यक्षता में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

राउमावि बलाल में 600 पौधे लगाकर सार सम्भाल की जिम्मेदारी ली

राउमावि बलाल में पौधे लगाये।

चूरू (निसं)। गुरूवार को राउमावि, बलाल में जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक संतोष महर्षि, सरदारशहर सीबीओ ओमदत्त सहारण, सरदारशहर प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन, सहायक निदेशक सीडीओ कार्यालय बृजेन्द्र दाधीच, रेसा वीपी के जिलाध्यक्ष विजयपाल धुवां, रामलाल मेहरा, प्राचार्य कुलदीप सिंह, प्राचार्य, पर्यावरण प्रेमी मोहन अर्जुन, प्राचार्य महेन्द्र सिंह ठोलिया, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, ब्लॉक सदस्य भंवरलाल नेहरा, सरपंच प्रतिनिधि परसाराम सहारण, गांव के वार्ड पंच बीरबल मेघवाल व मंजू मेघवाल स्कूल के समस्त स्टाफ के साथी गांव के नागरिकों व विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्कूल के मैदान में विभिन्न किस्म के 600 छायादार पेड़ लगाए। और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी।

इससे पहले कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार खीचड ने जिला प्रमुख वन्दना आय का पुष्प गुच्छ व पौधा देकर स्वागत किया। विद्यालय के सभी साथियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व एक एक पौधा देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने रामकुमार खिचड ने स्वागत भाषण के माध्यम से आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी से अतिथियों को अवगत कराया। प्राचार्य ने बताया कि 120 पट्टी लगाकर तारबंदी मय जाळ, खड्डा खुदाई व खाद व बालू मिट्टी डालकर एवं तालाब से मोटर के जरिए पानी देने की व्यवस्था आदि सभी काम गांव व शाला ने मिलकर दो लाख रुपये खर्च कर वृक्षारोपण किया है।

आगन्तुक सभी अतिथियों व मेहमानों व ग्रामवासियों ने एक एक पेड लगाकर कार्यक्रम की शुरुवात की। मुख्य अतिथि ने इस काम को सहरानीय व नेक बताया। प्रधान प्रतिनिधि व सरपंच प्रतिनिधि ने साल भर इन पौधों की देखभाल व पानी देने के लिए दो गार्ड देने की घोषणा की। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस कार्य को पुनीत व पर्यावरण हेतु आवश्यक बताए हुए इसको जारी रखने पर बल दिया। इस अवसर पर गांव के बीरबल राम मेघवाल, रामकुमार सिंह, मगन सिंह, दुनिराम नेहरा, हरचंदराम मूंड, रामेश्वरलाल मूंड, शंकरलाल मूंड, सीताराम मुंड, रामनिवास मेघवाल, मंजू मेघवाल, आंगनबाडी से भंवरी, मनकोरी, छगन कंवर, बलबीर पुजारी, हनुमान सिंह, श्योकरण मूंड, राजेन्द्र नेहरा, शीशपाल मूंड, गोपीराम,गिरधारी लाल, महेन्द्र सिंह गहलोत, जग्गू सिंह, मुकेश नेहरा, महेन्द्र मूंड, अनिल मूंड, परसाराम, रामवीर, गजेन्द्र महला, लालचन्द मूंड, रामलाल मूंड, भागाराम, सुमन, ग्राम पंचायत से नेहा वालिया व समस्त विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के विनोद कुमार अग्रवाल, गौरीशंकर, महेन्द्र सिंह मेघवाल, कुलदीप कुमार, विनोद सिरोहा, रजत सिहाग, सजेन्द्र सिंह, राधेश्याम पूनियां की अहम भूमिका रही। प्राचार्य रामकुमार खीचड ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पूनियां ने किया।

विद्यार्थियों को सम्मानित किया

बीदासर (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई बीदासर द्वारा गुरूवार को कस्बे की राधाकृष्ण हवेली में सत्र 2024-25 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का तहसील स्तरीय रानी लक्ष्मी बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पराक्रम राठौड व मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा व विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री राजेंद्र नायक, पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद राय व सम्पत मल बैद थे। मुख्य अतिथि पराक्रम राठौड ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित रानी लक्ष्मी बाई प्रतिभा सम्मान समारोह सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थी परिषद शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाला विश्व का सबसे बडा छात्र संगठन है। दिलीप सुथार ने बताया कि परिषद द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभागियों को एक एक पौधा देकर पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक रहने का संदेश दिया।

पौधे की छोटे बच्चे के सम्मान देखभाल करें : डॉ. मुमताज

डॉ जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान में विभिन्न किस्म के सौ से अधिक पौधे लगाए।

चूरू (निसं)। डॉ जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान चूरू में गुरूवार को राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में विभिन्न किस्म के 100 से अधिक पौधे लगाए गए और उनकी निराई गुडाई और पानी डालने की जिम्मेदारी विद्यालय स्टॉफ को सौंपी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ मुमताज अली कुरैशी ने की। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हाजी गनी मोहम्मद खान, कोषाध्यक्ष रसीद खान मोयल, निदेशक सलामुदीन खान, सदस्यगण मुस्तकीम अली शेख, हाजी अहमद हुसैन चौहान, हाजी फजले हक चौहान, नूर मोहम्मद खान अखाण आदि ने इस अवसर पर 100 से ज्यादा पौधे लगाए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ मुमताज अली ने कहा कि एक कोराना काल में सबसे अधिक ऑक्सीजन की आवष्यता पडी थी। अत: हमें वृहद्ध स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड लगाकर उसकी छोटे बच्चे के सम्मान देखभाल करनी पडेगी तभी ये जिंदा रह पायेगें। विद्यालय स्टाफ आरिफ खान, देवेन्द्र सिंह, अब्दुल रहमान खान, साईमा बानो, आदि तथा अध्ययनरत छात्र छात्राओ ने सहयोग किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद इदरीस खत्री ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यकत किया।

नारी शक्ति के माध्यम से चल रहा सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान

सीकर (निसं)। 17 सड़क सुरक्षा कार्यशालाओं के माध्यम से 3415 छात्राओं को किया प्रशिक्षित एवं सुसमा दीदी। रक्षाबंधन के दिन से ये सुसमा दीदीयां अपने भाईयों को रक्षा सूत्र रूप में हेलमेट देकर संकल्प दिलायेगी। सीकर, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान के मुख्य अभियन्ता (गुणवता नियत्रंण) जसवन्त खत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान में 17 मई 2025 से सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान जिसका संक्षिप्त नाम सुसमा अभियान 2082 रखा गया है।

इसका मुख्य उद्देश्य राजस्थान की सडकों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की महिला अभियन्ताओं को सडक सुरक्षा का प्रशिक्षण दिलाकर उनको मास्टर ट्रेनर बनाते हुए सभी जिलो में स्कूल,कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस तथा स्कॉउट रेंज रोवर्स को प्रशिक्षण देकर सडक सुरक्षा अभियान को आमजन तक पंहुचाना है। इस अभियान के लिए एक लोगों तैयार किया गया जिसके 8 बिंदु है, जिसमें मुख्य रूप से सुरक्षित सडक, सुचारू सुविधायुक्त सडक, सुंदर सडक, स्वस्थ सडक, स्वच्छ सडक, सुगम सडक, शुलभ सडक, सुरम्य सडक है। महिला अभियन्ताओं को निर्माण भवन जयपुर में परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग के सीकर में पदस्थापित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा विशेषज्ञ एवं गोल्ड मेडलिस्ट अवार्ड प्राप्त आरटीओ डॉ वीरेन्द्र सिंह राठौड एवं राजस्थान सडक सुरक्षा सोसायटी के प्रवेश सैनी आदि ने प्रशिक्षण दिया।

डॉ. राठौड़ पूरे राजस्थान में महिला अभियन्ताओं को लगातार सडक सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दे रहे है। प्रत्येक जिले को 31 जुलाई तक 6-6 हजार छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है, साथ ही प्रत्येक जिला मुख्यालय की एक 7 किमी की सडक को सुरक्षित एवं मॉडल सडक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें एनसीसी, एनएसएस को तीन-तीन किमी तथा स्कॉउट रैंज रोवर्स को एक किमी लम्बाई में तैनात कर उनका सहयोग लिया जायेगा। इसके लिए उच्च शिक्षा एवं शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिये गये है। इस अभियान के प्रथम चरण में 19 जिलों में सुरक्षित सडक मार्ग यात्रा कार्यक्रम 11 अगस्त से 15 सितम्बर तक रखा गया है। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर इस यात्रा के दौरान बडे कार्यक्रम होंगें।

बीकानेर रेंज आईजी हेमंत शर्मा ने राजलदेसर थाना का निरीक्षण किया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में गुरुवार को करीब 6 बजे बीकानेर पुलिस महानिरीक्षक (रेंज आईजी) हेमंत शर्मा ने बीकानेर से जयपुर जाते समय राजलदेसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि दौरान सुजानगढ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, रतनगढ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार, राजलदेसर थानाप्रभारी कमलेश कुमार साथ मे मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान स्वागत कक्ष, पुलिस बैरीक, मालखाना कक्ष, कम्पयुटर कक्ष, एचएम कार्यालय का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था व

■ **थाना परिसर में हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण किया**

बीकानेर पुलिस महानिरीक्षक (रेंज आईजी) हेमंत शर्मा ने बीकानेर से जयपुर जाते समय राजलदेसर का निरीक्षण किया।

रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। थाना स्टाफ से रूबरू होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पेंडिंग चल रहे मुकदमे का समय पर निस्तारण करने व अनुसंधान अधिकारीयों को दिए। संगठित व गेंगवार अपराधियो पर अकुश लगाने व निगरानी बाबत निर्देश फरमाये। थाना परीसर की साफ सफाई व रिकार्ड की सराहना की गई।

इस अवसर पर थाना परिसर में हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने हरियाली तीज पर अधिक से अधिक पेड लगाने का आव्हान किया। राजलदेसर पत्रकार संघ के अध्यक्ष मदन दाधीच, महासचिव विनोद भाटिया, सचिव मनोज सोनी ,उपाध्यक्ष शिवभगवान सोनी, कार्यालय मंत्री रामोतार पांडे ने दुपट्टा पहनाकर व तस्वीर देकर स्वागत किया। वही व्यापार मंडल के अध्यक्ष विष्णु स्वामी व सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम शर्मा के द्वारा भी पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जन सहयोग से बनें पुलिस थाने का निरीक्षण करके कहा कि इतना शानदार पुलिस थाना राजलदेसर कस्बे के भामाशाह ने बनाया है उसके लिए उन्होंने सभी भामाशाहों का आभार जताया एवं भविष्य में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर पुलिस के जवानों ने आईजी का गार्ड ऑफ ऑनर दिया साथ ही पुलिसकर्मियों से वार्ता भी की गई।

सार-समाचार

मोक्ष धाम में 51 पौधे लगाये

पाटन (निसं)। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर पाटन कस्बे के करजो रोड स्थित मोक्ष धाम परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मोक्ष धाम समिति द्वारा 51 पौधों का सामूहिक पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण की शुरुआत 2008 से समिति के संरक्षक महावीर प्रसाद राव द्वारा की गई थी जो 17 वर्षों से निरंतर चली आ रही है, जो पर्यावरणीय पहल का अहम हिस्सा है।समिति के सक्रिय सदस्य अशोक तोला ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत सत्रह वर्षों में हरियाली अमावस्या के दिन मोक्ष धाम में दो हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं और मोक्ष धाम को हरे-भरे स्वरूप में परिवर्तित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान आगे भी इसी समर्पण के साथ जारी रहेगा।इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधारोपण करने वालों में अशोक तोला, दिलीप गोयल, डॉ. देवेंद्र शर्मा, हरिशंकर बारी, मुकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, डॉ. मधुसूदन शर्मा, कैलाश शर्मा और नाथ जी महाराज शामिल रहे। समिति द्वारा यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय उदाहरण है, बल्कि समाज को भी प्रेरित करता है कि हम सभी मिलकर अपने आस-पास की हरियाली को संजोने का संकल्प लें।

नवपदस्थापित एसडीएम का अभिनंदन किया

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) और सीबीईओ संदीप कुमार व्यास के नेतृत्व में नवपदस्थापित एसडीएम मिथिलेश कुमार का अभिनंदन किया गया।जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल, सीबीईओ संदीप व्यास, एसीबीईओ उमेश जाखड़, नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार गाडगिल, भानूप्रकाश इंदौरिया और रामचंद्र सीलू ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया और इसी क्रम में फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा करवाया। जिलाध्यक्ष मेघवाल ने कहा कि नेक दिल साधारण व्यक्तित्व के धनी एसडीएम साहब का रतनगढ़ उपखंड में हमारा सौभाग्य है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र नायक, राकेश नायक, अनिल कंवल, भंवरलाल सांवा, उमेश कत्थक, दौलतराम दायमा, शैलेंद्र सिंह, सुभाष महारिया और सुरेंद्र इंदलिया, किशनलाल बारूपाल, ओमप्रकाश बारूपाल, जगनराम सोडा, सत्यनारायण टेलर, परमेश्वरलाल नवल, अजीत कुमार, मदनलाल खारड़िया, कैलाश हालू, सतीश कुमार, कपिल तानेनिया, संदीप कुमार और विजय कुमार नायक सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विद्यालय में पौधे व गमले भेंट किए

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय पी एमश्री श्रीमती भगवान देवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ में आज हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में विद्यालय में कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जगदीश सोनी के आर्थिक सौजन्य से गमले सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर संस्था प्रधान गोपाल कंवर ने जगदीश सोनी का धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्राओं को पौधों की सर संभाल की जिम्मेदारी देते हुए उनको अपने आस पास के स्थानों पर भी पेड लगा कर नियमित रूप से देखभाल करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर समाजसेवी प्राचार्या महेंद्र डूडी, विद्यालय के संस्था प्रधान गोपाल कंवर, उप प्राचार्य नीतू वर्मा, सीमा शर्मा, हरिराम मेघवाल,कोमल दीक्षित, पूनम कुमारी,जगदीश प्रसाद शर्मा, सुशीला देवी, निर्मला जाट, उषा शर्मा, मुनकेश,अनिल जांगिड़, बिमला देवी सहित विद्यालय विकास समिति के सदस्य और छात्राएं उपस्थित रहे।

राजा मुराद निर्विरोध अध्यक्ष बने

रतनगढ़ (निसं)। कस्बे के वार्ड नं. 25 मदार कॉलोनी स्थित हजरत मोहम्मद अलीशाह बाबा के निवास तकिया में सभी काजी कौम की अहम बैठक आयोजित की गई जिसमें काजी कौम के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से एडवोकेट राजा मुराद अल्वी को काजी कौम का निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर इरफान काजी (बबलू) समाज के सभी बुजुर्गों एवं युवा ने अल्वी का मुंह मीठा कराकर माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

चूरू (निसं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम चुरु के सहायक अभियंता शहर द्वितीय ओम प्रकाश जाखड ने बताया कि अग्रसेन नगर ब्रिज निर्माण हेतु 33 केवी विद्युत लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है अत: 25 जुलाई 2025 शुक्रवार को 33 केवी चुरु फीडर बंद रखा जाएगा जिसके अंतर्गत प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक अग्रसेन नगर, शांति कॉलोनी, मयूर विहार कॉलोनी, डीटीओ ऑफिस, कलेक्ट्रेट सर्किल, भरतिया हॉस्पिटल, नई सडक, नया बास, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड, पूनिया कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, ओम कॉलोनी, इन्दिरा कॉलोनी, धर्म स्तूप, मालजी का कमरा, आलोक सिनेमा के पीछे, व्यापारियों का मोहल्ला, पुरानी सडक, जयपुर रोड, रामसरा रोड एवं इन क्षेत्र से जुडे हुए समस्त विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

ओबीसी न्याय महासम्मेलन में भाग लेने के लिए कार्यकर्ता रवाना

रतनगढ़ (निसं)। कांग्रेस की ओर से 25 जुलाई को दिल्ली में होने वाले भागीदारी न्याय महासम्मेलन के लिए रतनगढ से दर्जनों कार्यकर्ताओं गुरुवार शाम को प्रदेश ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग रामवीर सिंह राईका के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुए सम्मेलन में ओबीसी विभाग के पदाधिकारी विधायक सांसद पूर्व विधायक सांसद ऑफिस विभाग के प्रदेश पदाधिकारी ओबीसी कि जनप्रतिनिधियों सहित राजस्थान से 800 से अधिक नेता शामिल होंगे राईका ने बताया कि पूरे प्रदेश से काफी लोग शामिल होंगे ऐसे में अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है ओबीसी वर्ग के सशक्तिकरण और अधिकारों की लड़ाई के लिए हो रहे।

तीज लहरिया उत्सव मनाया

सीकर, (निसं)। लियो क्लब सीकर द्वारा आज प्रधान जी का जाव परिसर में पारंपरिक रंग में रंगा हुआ "तीज लहरिया उत्सव 2025" बड़े उत्साह और भव्यता से मनाया गया।

यह आयोजन महिलाओं के पारंपरिक पर्व तीज को समर्पित रहा, जिसमें शहर की सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया परिधानों में सज-धजकर भाग लिया। कार्यक्रम में लहरिया डांस, पारंपरिक खेल, सेल्फी प्वाइंट और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांसर और बेस्ट गेम परफॉर्मर को पुरस्कार प्रदान किए गए।

क्लब डायरेक्टर लियो लायन सज्जन अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन न केवल उत्सव का प्रतीक है, बल्कि राजस्थानी संस्कृति को सहेजने और समाज की सभी महिलाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास भी है।

नाम परिवर्तन

विद्यालय रिकॉर्ड में मेरे पुत्र योगेश सिंह व पुत्री अवनी कंवर की माता का नाम भुलवंश लीलाकंवर लिखवा दिया था जबकि वास्तविक नाम लाली कंवर है अतः भविष्य में पुत्र योगेश सिंह व पुत्री अवनी कंवर पिता का नाम प्रताप सिंह माता का नाम लाली कंवर के नाम से ही जाना व पहचाना जावे। **लाली कंवर पत्नी प्रताप सिंह राजपूत, दादूसर तह. सरदारशहर जिला चूरू**

आम सूचना

मेरे मुव्वकिलान पवन कुमार पुत्र भोलाराम, पुष्पा देवी पत्नी पवन कुमार जाती ब्राह्मण निवासीगण वार्ड न. 04 गिनाणी वास, सरदारशहर जिला चूरू (राज.) 1. यह कि मेरे मुव्वकिलान का पुत्र गणेश जोशी पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधु सुमन पत्नी गणेश जोशी जाति ब्राह्मण निवासीगण गिनाणी वास, जीणमाता मन्दिर के पास, वार्ड नं. 05 कस्बा सरदारशहर जिला चूरू राज. जो मेरे मुव्वकिलान के कहने-सुनने में नही है। मेरे मुव्वकिलान की सम्पतियों को खुर्द-बुर्द करने पर आमदा है, गणेश जोशी व सुमन पत्नी गणेश जोशी का मेरे मुव्वकिलान व मेरे मुव्वकिलान के परिवार से कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं है। 2. यह कि मेरे मुव्वकिलान अपने पुत्र गणेश जोशी व पुत्रवधु सुमन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करते हैं, ओर मेरे मुव्वकिलान का पुत्र गणेश जोशी व पुत्रवधु सुमन के कृत्यों से कोई ताल्लुक नहीं, पुत्र गणेश ज